भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1087

09 दिसंबर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

"नेवर अलोन" योजना का कार्यान्वयन

1087. श्री मिलिंद मुरली देवराः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) एआई-आधारित "नेवर अलोन" मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम जैसी डिजिटल पहलों के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रदान की गयी सहायता का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या यह योजना महाराष्ट्र राज्य में, विशेष रूप से मुंबई महानगरीय स्कूलों और कॉलेजों में, लागू की गई है; और
(ग) शहरी छात्रों के लिए सस्ती डिजिटल मानसिक स्वास्थ्य सहायता को बढ़ाने के लिए सरकार की भविष्य की योजनाएँ क्या हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ग): अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली द्वारा परामर्श, जांच, कार्यकलाप और अनुवर्ती परिचर्या पर ध्यान केंद्रित करते हुए छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए दिनांक 10.09.2025 को व्हाट्सएप के माध्यम से सुलभ एआई-आधारित 'नेवर अलोन' ऐप का शुभारंभ किया गया। छात्र व्यक्तिगत मानसिक स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी परामर्श के लिए एआई आधारित एप्लिकेशन के क्यूआर कोड को लॉग इन या स्कैन कर सकते हैं।

जन स्वास्थ्य राज्य का विषय है। हालाँकि, वर्ष 2022 में, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा किफायती और गुणवत्तापूर्ण मानसिक स्वास्थ्य परामर्श के साथ-साथ परामर्श सेवाओं तक पहुँच के लिए देश भर में 'राष्ट्रीय टेली मानस स्वास्थ्य कार्यक्रम' शुरू किया गया था। आदिनांक, 36 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने 53 टेली मानसिक स्वास्थ्य सहायता और राज्यों में नेटवर्किंग (टेली-मानस) प्रकोष्ठ स्थापित किए हैं। वर्ष 2024 में, टेली-मानस मोबाइल एप्लिकेशन का शुभारंभ किया गया था। इसके अतिरिक्त, मौजूदा ऑडियो कॉलिंग सेवा के उन्नयन के रूप में टेली-मानस के तहत एक वीडियो परामर्श सुविधा शुरू की गई है।

******